भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 375
उत्तर देने की तारीख 24 जुलाई, 2024

मोबाइल और टेलीफोन कनेक्शन

375. श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटी:
श्री वाई.एस. अविनाश रेड्डी:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) विगत दशक के दौरान टेलीफोन और मोबाइल कनेक्शनों की कुल संख्या में हुई वृद्धि का ब्यौरा क्या है;
(ख) इस अवधि के दौरान इंटरनेट और ब्रॉडबैंड की पहुंच में हुई वृद्धि का ब्यौरा क्या है; और
(ग) इस क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में वृद्धि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) और (ख) पिछले दशक में टेलीफोन कनेक्शन, मोबाइल कनेक्शन, इंटरनेट और ब्रॉडबैंड सब्सक्रिप्शन की कुल संख्या में वृद्धि निम्नानुसार है:

	दिनांक 31.03.2014 तक की स्थिति के अनुसार	दिनांक 31.03.2024 तक की स्थिति के अनुसार	वृद्धि (%)
टेलीफोन कनेक्शन (करोड़ में)	93.3	119.87	28.48
मोबाइल कनेक्शन (करोड़ में)	90.45	116.59	28.90
इंटरनेट सब्सक्रिप्शन (करोड़ में)*	25.16	95.44	279.33
ब्रॉडबैंड सब्सक्रिप्शन (करोड़ में)*	6.09	92.41	1417.41

*स्रोत: ट्राई की दूरसंचार सेवा कार्यनिष्पादन संकेतक संबंधी तिमाही रिपोर्ट (2014 और 2024)

ग) दूरसंचार क्षेत्र प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के सबसे बड़े प्राप्तकर्ताओं में से एक रहा है। दूरसंचार क्षेत्र को 2004-14 की अवधि में यह 12.83 बिलियन अमेरिकी डॉलर की तुलना में 2014-2024 की अवधि में 25.16 बिलियन अमेरिकी डॉलर का एफडीआई प्राप्त हुआ है।

*****